दसवीं कक्षा **अभ्यास पत्रिका – 2** **अवधि: 3.00 घंटे**

2024-25 **तृतीय भाषा - हिंदी** **अंकः80**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये चार-चार विकल्प सुझाये गये हैं, उनमें से सही विकल्प चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिये : 8x1=8

1. **ईमान** का **विरुद्धार्थक** शब्द :
   A) बेईमान B) अपमान
   C) सम्मान D) असमान
2. **श्रीमान** शब्द का **स्त्रीलिंग** रूप:
   A) श्रीमान B) श्रीमती
   C) श्री D) श्रीमद
3. निम्नलिखितों में से **बहुवचन** शब्द :
   A) घोडा B) पतंग
   C) लड़की D) बच्चे
4. **लिखना** शब्द का प्रथम **प्रेरणार्थक क्रिया** रूप :
   A) लिखो B) लिखवाना
   C) लिखाना D) लिखावट
5. **हिमालय** शब्द की **संधि** :
   A) दीर्घसंधि B) गुणसंधि
   C) वृद्धिसंधि D) यणसंधि
6. **खान-पान** शब्द का **समास**:
   A) तत्पुरुष समास B) द्वंद्व समास
   C) द्विगु समास D) कर्मधारय समसा

7.ब्रीफकेस में क्या था ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिहन है:
   A) पूर्णविराम B) अल्पविराम
   C) प्रश्नवाचक D) विस्मयादिबोधक

8. बचेंद्री_ माता हंसादेई नेगी थी । रिक्त स्थान में आनेवाला परसर्ग (कारक चिहन):
   A) के B) से
   C) का D) की

II.प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिये: 4x1=4

9. सेब: फल :: गाजर : __________
10. सक्सेना: रोबोनिल :: शर्मा : __________
11. गिल्लू : रेखाचित्र :: ईमानदारों के सम्मेलन में : ___________
12. पाप का मूल : अभिमान :: धर्म का मूल : ______________

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिये : 4x1=4

13. सिलिकान सिटी किसे कहते हैं ?

14. लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?
15. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है?
16. यशोदा किसकी कसम खाती है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिये: 8x2=16

17. आजकल शिक्षित समाज में किस पर विचार किया जा रहा है ?
18. आशियम्मा, कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?
19. किंद्रू लालिम और किंचा लालिदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?
20. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है?
21. आदर्श गाँव बनाने के लिये बच्चों ने क्या-क्या किया?
22. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?
23. शनि एक ठंडा ग्रह है । कैसे ?

अथवा

शनि का उपग्रह टाइटन के बारे में लिखिये ।

24. झूठ का सहारा लेने का परिणाम क्या होता है ?

अथवा

अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिये : 9x3=27

25. गिल्लू के कार्य-कलापों का वर्णन कीजिये ।
26. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिये ।
27. दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बचेंद्रीपाल का अनुभव क्या था ?
28. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन क्या है?
29. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज़ है । कैसे ?
30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिये ?
31. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिये:

राम नाम मनि दीप धरु,जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार ।।

33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिये:

अब टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी । गाजर में भी बहुत विटामिन है।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिये: 2x4=8

34. पंडित राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।

अथवा

बसंत के स्वाभिमानी व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

35. निम्नलिखित पद्यांश पूर्ण कीजिये:

असफलता--------------------- भागो तुम ।

VII. 36.दिये गये गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये- 1x4=4

विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे । इसलिये उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था । उनकी बुद्धि प्रखर थी । वे मृदुभाषी थे । बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था ।भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी ,जिसे वे रोज पढते थे । ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी । विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है,जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता ।

प्रश्न-

क) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?

ख) विवेकानंद रोज कौन -सी पुस्तक पढते थे ?

ग) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा क्या थी ?

घ) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?

VIII. 37. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिये- 1x4=4

क) इंटरनेट -

* प्रस्तावना
* शैक्षणिक उपयोग
* एकत्र जानकारी
* उपसंहार ।

ख वन महोत्सव-

* प्रस्तावना
* वनों का उपयोग
* वन संरक्षण
* उपसंहार ।

ग) स्वच्छता अभियान -

* प्रस्तावना
* स्वच्छता का महत्व
* स्वच्छता का उद्देश्य
* लाभ और कार्ययोजना
* उपसंहार ।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिये: 1x5=5

38. तीन दिन की छुट्टी के लिये अपनी बीमारी को कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिये।

अथवा

अपनी पढाई के बारे में बताते हुए अपने भाई को पत्र लिखिये।